तत्काल/मा0 मुख्यमंत्री संदर्भ

संख्या-33/1088/84-डे0ई0-14-सी0एम0-03/2013

प्रेषक,

राम मोहन सक्सेना,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
उ0प्र0 सचिवालय सत्कार सेवा संस्था,
जवाहर भवन, लखनऊ ।

उपभोक्ता संरक्षण एवं बॉट माप डे0ई0 लखनऊ :: दिनांक 23 जनवरी,2014

विषय:- श्री कफील अहमद, सेवानिवृत्त, बेयरर, उ0प्र0 सचिवालय सत्कार सेवा संस्था को पेंशन तथा भविष्य निधि जमा धनराशि का भुगतान किये जाने के संबंध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-833/सचि0से0सं0(बे0के0-1)/2013, दिनांक 24 दिसम्बर, 2013 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि आपके पत्र 24 दिसम्बर, 2013 द्वारा उपलब्ध कराई आख्यानुसार श्री कफील अहमद, सेवानिवृत्त, बेयरर, को पेंशन तथा भविष्य निधि में जमा धनराशि का भुगतान करा दिया गया है, परन्तु दिनांक 15 मार्च, 2013 द्वारा उपलब्ध कराई गई आख्यानुसार अभी तक श्री अहमद को सामूहिक बीमा धनराशि का भुगतान नहीं कराया गया है।

2- अत: अनुरोध है कि प्रकरण की गंभीरता के दृष्टिगत श्री कफील अहमद, सेवानिवृत्त, बेयरर, उ0प्र0 सचिवालय सत्कार सेवा संस्था को सामूहिक बीमा धनराशि तथा अन्य कोई देय शेष रह गये हों तो उनका भुगतान किये जाने के संबंध में नियमानुसार तत्काल प्रभावी कार्यवाही कर कृत कार्यवाही की सूचना (विवरण सहित) शासन को शीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(राम मोहन सक्सेना)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in/